RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 45 • 27:02:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## एक-दो नहीं, पूरे 33 मैच से अजेय...

### भारत ने बनाया ऐसा रिकॉर्ड, हिल गए अंग्रेज




**इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई**

**रांची (एजेंसी)।** पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। मैच में इंग्लैंड की टीम ने भारत को चौथी पारी में 192 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपने घर में 200 से कम के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखा है।

भारतीय टीम ने अपने घर में 33वीं बार चौथी पारी में 200 से कम के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। इन 33 मैचों में से टीम इंडिया ने 30वीं बार जीत दर्ज की है। सिर्फ 3 ही ऐसे मौके रहे जब टीम इंडिया 200 से कम के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच को ड्रॉ कराया है।


### 11 साल बाद टीम इंडिया को मिली जीत

टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया को अपने घर में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 से कम के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत मिली थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह मुकाबला दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर 2013 में खेला गया था।

## नहीं रहे गजल के सरताज पंकज उधास

**● बेटी ने बताया- लंबे समय से बीमार चल रहे थे ● साल 2006 में भारत सरकार की तरफ से पद्मश्री से सम्मानित किया गया था**

**मुंबई (एजेंसी)।** 'ना कजरे की धार', 'चिट्ठी आई है...', 'चांदी जैसा रंग है तेरा' जैसे न जाने कितने गानों को अपनी आवाज देने वाले सिंगर और पद्मश्री से सम्मानित पंकज उधास का निधन हो गया है। उनकी उम्र 72 साल थी। बेटी ने इस खबर की पुष्टि की है। बताया है कि वह लंबे समय से बीमार



थे। उनकी तबीयत काफी दिनों से खराब थी। कैंसर से जूझ रहे थे। मनोरंजन जगत से लगातार बुरी खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में इस इंडस्ट्री ने कई नायाब चेहरों को खोया है। और अब गजलों को फिल्मों में पॉप्युलर बनाने के लिए जाने जाने वाले पंकज उधास भी अब नहीं रहे। उनका यूं दुनिया को अचानक छोड़कर जाना, हर किसी के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। फैन्स और चाहने वाले उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उनकी बेटी नायाब उधास ने सोशल मीडियो पर एक पोस्ट के जरिए पिता की मौत की जानकारी दी है।

## पीएम मोदी ने 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन किया

## 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024' का समापन हुआ

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** तिरुवनंतपुरम में अट्टुकल पोंगल फेस्टिवल मनाया गया। पीएम मोदी ने भारत के सबसे लंबे केबल ब्रिज का उद्घाटन किया। यह टेक्सटाइल इवेंट ग्लोबली लेवल पर होने वाले सबसे बड़े इवेंट्स में से एक है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जिस तरह से करघा धागों को एक साथ जोड़ता है, यह



कार्यक्रम भारत और दुनिया के धागों को जोड़ रहा है।'

**तीन दिवसीय 'भारत टेक्स 2024' का आयोजन 29 फरवरी तक चलेगा–** 100 से ज्यादा देशों के 3000 से अधिक प्रदर्शक, 3,000 बायर्स और 40,000 ट्रेड विजिटर्स इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक साथ आए हैं। यह कार्यक्रम कपड़ा इकोसिस्टम के सदस्यों के लिए मिलने और अपने विचार शेयर करने का एक मंच बन गया है। इसका उद्देश्य इंटरनेशनल ऑडियंस के सामने 'ब्रांड इंडिया' को प्रेजेंट करना है। 'भारत टेक्स 2024' का एग्जीबिशन 22 लाख वर्ग फुट के एरिया में फैला हुआ है।

## दुबई में गूंजा राजस्थानी घूमर, झूमे अतिथि

### डाक्यूमेंट्री में राजस्थानी संस्कृति, रूमादेवी बोली- वैश्विक पहचान बनाएं युवा उद्यमी

**बाड़मेर (एजेंसी)।** नारी शक्ति सर्वोच्च अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. रूमादेवी दुबई यूएई में गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम की ओर से आयोजित ग्लोबल बिजनेश कॉन्क्लेव में बतौर सेलिब्रिटी स्पीकर पहुंची।




रूमादेवी ने 20 देशों के 800 से अधिक प्रोफेशनल्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारत–यूएई में व्यापार सहयोग दिनों–दिन बढ़ रहा है। वर्तमान इंटरनेशनल मार्केट में इंडियन के लिए असीमित संभावनाएं है। इसका फायदा हर उद्यमियों को लेना चाहिए। राजस्थान में निवेश के लाभ बताते हुए कहा कि राजस्थान में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुशल युवा वर्ग तेजी से बढ़ रहा है। दरअसल, डॉ. रूमादेवी बाड़मेर के छोटे से गांव की रहने वाली है।

### पीएम मोदी 41,000 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर बोले

# नया भारत बड़े सपने देखता है और उन्हें पूरा करने दिन-रात काम करता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अमृत भारत स्टेशनों में 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लागत के काम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (26 फरवरी) को अमृत भारत योजना के तहत 2000 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को देश को समर्पित किए। इनमें 553 रेलवे स्टेशन का रीडेवलपमेंट शामिल है। इसके साथ प्रोजेक्ट्स में स्टेशन पर रूफटॉप प्लाजा और सिटी सेंटर विकसित करके सुविधाओं में सुधार करना शामिल है।

27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अमृत भारत स्टेशनों में 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लागत के काम होंगे। वहीं, इसके अलावा 24 राज्यों में लगभग 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे।इनमें राजस्थान के 21 रेलवे स्टेशन और 108 ब्रिज, मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन और 105 ब्रिज, बिहार के 33 रेलवे स्टेशन और 72 ब्रिज शामिल हैं।

इस मौके पर पीएम ने कहा कि आज की प्रोग्राम नए भारत के नए वर्क कल्चर का प्रतीक है। आज भारत जो भी कर रहा है, वह अप्रत्याशित रफ्तार से कर रहा है। आज के भारत ने छोटी चीजों का सपना देखना बंद कर दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। ये नए विकसित भारत का संकल्प है।



### इन राज्यों में डेवलप किए जा रहे अमृत भारत स्टेशन

- **राजस्थान**– जयपुर रेल मंडल के 16 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा
- **मध्य प्रदेश**– 3276 करोड़ रुपए से 33 स्टेशन का पुनर्विकास होगा
- **उत्तर प्रदेश**– गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन
- **बिहार** – 33 रेलवे स्टेशन और 72 ब्रिज
- **ओडिशा**– दूसरे फेज में 21 रेलवे स्टेशन
- **महाराष्ट्र**– 56 स्टेशन, 175 ब्रिज शामिल हैं।

### इन राज्यों में बनेंगे 1500 ब्रिज

रेलवे ने क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास बनाए हैं। मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर भारत में बनने वाले 92 आरओबी/आरयूबी में से उत्तर प्रदेश में 56, हरियाणा में 17, पंजाब में 13, दिल्ली में 4, हिमाचल प्रदेश में 1 और जम्मू–कश्मीर में 1 ब्रिज शामिल हैं। लखनऊ मंडल में इनकी संख्या 43, दिल्ली में 30, फिरोजपुर में 10, अंबाला में 7 और मुरादाबाद में 2 है।

### यह है अमृत भारत स्टेशन योजना

6 अगस्त 2023 को लॉन्च की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के देशभर के 1300 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत रेलवे स्टेशनों के लिए मास्टर प्लान बनाकर सुविधाओं को बढ़ाया जाना है। इन सुविधाओं में वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, रिटेल सुविधाएं शामिल हैं। इनके अलावा स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए भी कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। भारतीय रेलों के जरिए देशभर में रोजाना 2 करोड़ और सालाना 800 करोड़ यात्री सफर करते हैं। इसके अलावा अरबों रुपए की माल ढुलाई भी रेलवे के जरिए की जाती है।

## किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, ट्रैक्टरों की लंबी कतारें

**● किसान बोले-दिल्ली दूर नहीं, हाईवे पर गुड़गुड़ाया हुक्का, जमी चौपाल**



**पंजाब/मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** पंजाब बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने, एमएसपी पर गारंटी कानून बनाए जाने समेत कई मांगों को लेकर आज भाकियू कार्यकर्ता विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंककर प्रदेश भर में हाईवे जाम किया। मेरठ में एनएच-58 पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया गया। किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि युक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सभी जिलों में हाईवे पर किसान जाम लगाकर प्रदर्शन किया। मेरठ में भाकियू कार्यकर्ता एनएच-58 स्थित कैलाशी अस्पताल के सामने, सकौती व मोहिउद्दीनपुर में रोड जाम कर दिया। बागपत जनपद में किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पहुंच गए। यहां भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास धरने पर बैठे रहे। इस दौरान हाईवे पर ही किसानों की चौपाल लगी। भाकियू नेताओं ने किसानों को संबोधित भी किया।

# मराठा आंदोलनकारियों ने जालना में बस जलाई

**● महाराष्ट्र के 3 जिलों में इंटरनेट बंद ● जरांगे ने 17 दिन से चल रहा अनशन वापस लिया**

**जालना (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण के लिए जालना के अंतरावली सराठी गांव में 10 फरवरी से अनशन पर बैठे मनोज जरांगे पाटिल ने 17 दिन से चल रहा अनशन तोड़ने का ऐलान किया है। मराठा आंदोलनकारियों ने सोमवार को अंबाड के तीर्थपुरी शहर में एक स्टेट ट्रांसपोर्ट बस को आग लगा दी।

आगजनी की घटना के बाद महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और जालना में बस सर्विस को रोक दिया है। प्रशासन ने बीड, संभाजीनगर और जालना में शाम 4 बजे तक इंटरनेट सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, मराठा आंदोलन के लीडर मनोज जरांगे पाटिल भी जालना से अपने गांव सराठी लौट गए। उन्हें मुंबई जाना था, लेकिन पुलिस ने कल उन्हें जालना जिले की सीमा में ही रोक रखा था। मनोज को उनके स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पुलिस ने रोका था।



### जरांगे ने फडणवीस पर लगाए मराठा आरक्षण रोकने के आरोप

मनोज जरांगे ने रविवार को आंतरवाली सराठी गांव में आंदोलन को लेकर बैठक बुलाई। इसमें जरांगे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप हुए कहा– अकेले देवेंद्र फडणवीस ही मराठा समुदाय को आरक्षण मिलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम शिंदे ने कहा, मराठा आरक्षण को लेकर हमने जो कहा था वो किया। कुछ लोग राज्य में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। जरांगे मराठाओं के लिए प्रामाणिक भावनाओं के तहत लड़ रहे हैं। सरकार मराठा समाज के लिए सकारात्मक प्रयास कर रही है। जरांगे की सभी मांगे मानी गईं। मैं उनके हर आंदोलन में उनसे मिलने भी गया।

## कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल

### बोलीं-उनके पास ना नीति-ना सोच; पति मधु कोड़ा के जेल जाने के बाद झारखंड की राजनीति में आईं

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। सिंहभूम से सांसद और झारखंड पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने आज कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गई हैं। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से वो गठबंधन से नाराज चल रही थीं। रांची में बीजेपी पार्टी ऑफिस में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी मौजूद रहे। बीजेपी जॉइन करने के बाद गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है, कोई सोच नहीं। पार्टी ने देश को गर्त में ले जाने का काम किया है।



## ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा पर रोक नहीं

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज; 31 जनवरी को पूजा शुरू हुई थी**

**वाराणसी/प्रयागराज (एजेंसी)।** वाराणसी के ज्ञानवापी तहखाने (व्यास तहखाना) में हिंदुओं के पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार 26 फरवरी को इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की पूजा के खिलाफ लगी याचिका खारिज कर दी है। वाराणसी जिला कोर्ट ने 31 जनवरी को तहखाने में व्यास परिवार को पूजा करने का अधिकार दिया था। इसी दिन (31 जनवरी) रात में तहखाने में पूजा शुरू हुई। हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि तहखाना लंबे समय से हमारे अधिकार क्षेत्र में रहा है। यह ज्ञानवापी का हिस्सा है और उसमें डीएम समेत प्रशासन ने जल्दबाजी में पूजा शुरू करा दी, जबकि इसके लिए समय था। पूजा तुरंत रोकनी चाहिए।



## शर्त लगाकर नेता प्रतिपक्ष के ऑफिस में तोड़फोड़

**● 4 युवकों ने स्कॉर्पियो से टक्कर मारी; जूली बोले-भाजपा सरकार में गुंडागर्दी शुरू**

**अलवर (एजेंसी)।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अलवर स्थित मोती डूंगरी कार्यालय के मेन गेट को स्कार्पियो सवार चार युवकों ने टक्कर मारकर तोड़फोड़ कर दी। दूसरे गेट को भी कार से टक्कर मार कर तोड़ दिया और वहीं खड़े रहे। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने टीकाराम जूली को फोन किया। जूली ने तुरंत एसपी को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस मौके पर पहुंची और स्कार्पियो सवार 4 युवकों को हिरासत में लेकर कार को जब्त कर लिया। कर्मचारियों का कहना है कि सात युवक साथ में घूमने निकले थे। इसी दौरान इनमें शर्त लगी कि कौन टीकाराम जूली के कार्यालय के दोनों गेट तोड़ सकता है। फिर चार युवक स्कार्पियो में सवार होकर आए और पहले मेन गेट को टक्कर मारकर तोड़ दिया। थोड़ी देर में दूसरे गेट को भी टक्कर मारकर तोड़ दिया।



# सक्षमता परीक्षा, टीचर्स बोले-बीपीएससी से भी हार्ड थे सवाल

## सिलेबस के बाहर से पूछे प्रश्न; एग्जाम से पहले जूते-बेल्ट और जैकेट खुलवाए



**पटना, एजेंसी।** बिहार बोर्ड की ओर से ली जाने वाली सक्षमता परीक्षा आज से शुरू हो गई है। पहली पाली की परीक्षा खत्म हो चुकी है। एग्जाम देकर निकले शिक्षक कैंडिडेट्स ने कहा कि पेपर बीपीएससी से भी कठिन था। कुछ ने कहा कि सारे सवाल सिलेबस के बाहर से थे। ये सवाल प्रोफेसर्स से करने चाहिए अगर वो पास हो जाते हैं तो हम भी पास हो जाएंगे।

आरा के गोढ़ना रोड स्थित अरण्य ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड सेंटर पर दूसरी शिफ्ट में एग्जाम देने का इंतजार कर रही शिक्षिका संगीता कुमारी ने कहा कि जो बच्चों को पढ़ाते हैं, उतनी ही तैयारी है। हमलोगों को तो एग्जाम देना ही नहीं था। हमलोग पहले से ञश्वञ्ञ पास हैं। लेकिन परीक्षा देना हमारी मजबूरी है।

बिहार के 9 जिलों के 52 कंप्यूटर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। पहली पाली की परीक्षा में सेंटर्स पर एंट्री के दौरान शिक्षक अभ्यर्थियों के जूते, बेल्ट और जैकेट भी खुलवा दिए गए।

शिक्षक अशोक कुमार ने कहा कि प्रश्न काफी टफ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था मामूली प्रश्न होगा, लेकिन उसके विपरित था। प्रश्न जीके, जीएस, हिन्दी और जिसका जो सब्जेक्ट था वो पूछा गया।

कैमूर के शिक्षक महेंद्र ने कहा कि एग्जाम अच्छा गया पर तैयारी पहले से नहीं थी। बिना तैयारी के परीक्षा नहीं निकलेगी। प्रश्न कठिन था।

कैमूर के शिक्षक रविशंकर ने कहा कि जैसा नीतीश कुमार बोले थे मामूली परीक्षा लेंगे वैसी बात नहीं है। बहुत कठिन प्रश्न था। किसी तरह से बिना तैयारी के परीक्षा दी। 6 बजे तक तो हम लोग स्कूल में रहते हैं।

शिक्षिका कुमारी श्वेता राय ने कहा कि जो बच्चों को पढ़ाते हैं, उतनी ही तैयारी है। मजबूरी है। हमलोगों को परीक्षा नहीं देनी चाहिए। विरोध करते हैं। पैसे के लिए नौकरी करना पड़ेगा।

शिक्षक सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि प्रश्न निम्न स्तर का था। पेपर देखकर ऐसा लग रहा था पास करा के अररिया, खगड़िया भेजना चाहता है। इससे अच्छा एग्जाम हम देकर बैठे हैं।

इस दौरान परीक्षा केंद्र पर पहुंचे शिक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा की परीक्षा के लिए तैयारी अच्छी है। इससे पहले मैंने ऑनलाइन परीक्षा कभी नहीं दी है। सरकार सिर्फ उल्लू बनाती है। हम अपने बच्चों के साथ परीक्षा देने आए हैं। अब बताइए मेरा बच्चा मुझे बोल रहा है बेस्ट ऑफ लक। जिनको हम पढ़ाते हैं वह हमें बेस्ट ऑफ लक बोल रहा है। यह सरकार की बेशर्मी है। हम इससे ज्यादा क्या बोल सकते हैं।

बता दें कि परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 12:30 तक हुई। वहीं, दूसरे पाली में रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक होगी। परीक्षा 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। दिव्यांग शिक्षकों के लिए प्रथम पाली में परीक्षा 10:00 बजे से 1:20 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:20 बजे तक होगी।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया है। पहले एग्जाम 26 फरवरी से 13 मार्च तक होनी थी। जिसे घटाकर अब 6 मार्च तक कर दिया गया है। इंटर परीक्षा के मूल्यांकन के चलते बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

सक्षमता परीक्षा देने के बाद मूल्यांकन कार्य में नियोजित शिक्षकों को लगाया जाएगा। बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या कुल 3.50 लाख के करीब है। सक्षमता परीक्षा के लिए 2.32 लाख नियोजित शिक्षकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है।

फिलहाल, अभी नई नियमावली के अनुसार राज्य कर्मी का दर्जा के लिए नियोजित शिक्षकों को एग्जाम पास करने के लिए तीन अवसर दिए जाएंगे। आगे इसे बढ़ाकर 5 किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा था कि जिन्हें ऑनलाइन परीक्षा देने में परेशानी है, उनके लिए दो बार ऑफलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

26 फरवरी से होने वाली सक्षमता परीक्षा में अब अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं है। इनमें पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। वहीं, छठी से आठवीं में आठ विषयों की परीक्षा होगी। इसके अलावा माध्यमिक (नवमीं से दसवीं) में 19 विषयों और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



### नाबालिग बेटी की गला घोंटकर हत्या, पिता गिरफ्तार, अप्रैल में तय की थी शादी, प्रेमी संग फरार हुई बेटी को पकड़ा

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में 16 साल की नाबालिग बेटी की पिता ने हत्या कर दी। प्रेम प्रसंग को लेकर पिता ने यह कदम उठाया। लड़की के पिता ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, लेकिन वह घर से भाग गई। पिता ने बेटी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को घर के एक किलोमीटर दूर खेत में फेंक दिया। वारदात दरपा थाना क्षेत्र में गुलरिया के पिपरा की है। नाबालिग 7 फरवरी को गायब हुई थी। आठ को उसकी डेड बॉडी मिली थी। नाबालिग के पिता ने उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसपी कांतेश मिश्रा ने रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया और वैज्ञानिक तरीके से हत्या की जांच शुरू की।

इस दौरान पुलिस की शक की सुई नाबालिग के पिता राम प्रवेश साह पर गई। पुलिस उससे पूछताछ की तो पहले उसने बेटी की हत्या करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो एक एक कर पूरे कांड का खुलासा कर दिया।

पूछताछ के दौरान राम प्रवेश साह ने बताया कि मेरी बेटी का एक युवक से संबंध था। वह उससे हमेशा फोन पर बात करती थी। कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं मान रही थी। इससे पहले वह कई बार घर से भाग भी चुकी थी, फिर उसे पकड़ कर लाया और उसकी शादी तय कर दी। उसकी शादी 26 अप्रैल को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सुखी सेमरा में तय हुई थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। वह सात फरवरी की रात एक बार फिर से भाग निकली। पता चला तो उसका पीछा कर पकड़ लिया। घर आने को कहा, लेकिन वह नहीं मानी। मुझे लगा कि मेरी इज्जत जा रही है। बेटी की शादी तय कर दी और वह दूसरे के साथ भाग गई तो क्या होगा, यह सोच कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। जब मर गई तो उसी का दुपट्टा उसी के गले में लपेट कर खेत में फेंक दिया और वहां से फरार हो गए। घटना का खुलासा करते हुए रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि कविता हत्या मामले का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पिता ने कविता के प्रेमी सहित चार लोगों को अभियुक्त बनाया था, इसकी जांच की जा रही है। टीम में दरपा थानाध्यक्ष प्रणय कुमार, पीएसआई अभय कुमार यादव शामिल थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, शबे बारात की इबादत कर लौट रहा था घर

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में रविवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग के एनएच 120 टोल प्लाजा के समीप की है। मृतकों की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के महल पर निवासी मोहम्मद फैजाद का (19) वर्षीय पुत्र मोहम्मद अनस फैजल एवं बनौलिया निवासी एहतेशाम अंसारी का (22) वर्षीय पुत्र मोहम्मद असद आलम के रूप में किया गया है। जबकि घायलों में बनौलिया निवासी मोहम्मद आमिर, मोहम्मद फैयाज एवं मोहम्मद समीर है। घटना के संबंध में उपमेयर प्रतिनिधि दानिश मलिक ने बताया कि दो बाइक पर सवार होकर सभी युवक शबे बरात की रात इबादत को लेकर राजगीर सिलाव गए हुए थे। जहां से लौटने के क्रम में टोल प्लाजा के पास यह हादसा हुआ है। डायल 112 की पुलिस घायलों को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची, जहां दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि तीन युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। अज्ञात वाहन से टक्कर का कयास लगाया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के उपरांत भारी संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुँचे।



## दंगल मूवी देखी और शुरू कर दी पहलवानी, भागलपुर में महिला पहलवानों का दंगल

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के गोनूधाम में माघी पूर्णिमा पर दंगल का आयोजन किया गया है। यहां महिला पहलवानों के बीच रोचक दंगल हुआ। देखने वालों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। पहली बार भागलपुर में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा के अलावा कई जगह से महिला रेसलर पहुंचीं थीं।

इसे देखकर गांव की लड़कियां काफी प्रभावित हुईं। अब वह भी पहलवानी के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाना चाहती है। बक्सर की शिवांगी सिंह ने कहा कि मैं दंगल मूवी से काफी प्रभावित हुई थी। पहलवानी को अपना लक्ष्य बना लिया है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा है।

### 5 राज्यों के खिलाड़ी हुए शामिल

वहीं, इस दंगल में भागलपुर और इसके आसपास के हजारों लोगों की भीड़ देखी गई। प्रयागराज से आई रोशनी ने साधना को मात देकर इस आयोजन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महाराष्ट्र से आए काला चीता ने बिहार के दीपक को पानी पीला दिया। उत्तर प्रदेश से आए गामा ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। गोनु धाम माघी पूजा समिति के अंतर्गत हो रहे दंगल के आयोजन के अध्यक्ष लड्डू यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम को करने का हमारा उद्देश्य है देश की मिट्टी से जुड़ा खेल कुश्ती जगा रहे। लोगों को देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों की पहचान हो और हर जगह का दांव पेंच सीखें। अपने देश को ओलिंपिक में कुश्ती में पदक दिलाए, जिससे अपने देश का नाम रोशन हो।

महाराष्ट्र और प्रयागराज से आई महिला पहलवान साधना रोशनी, शिवानी शिवांगी ने कहा कि बिहार आकर हमें काफी अच्छा लगा और ऐसा माहौल बहुत कम जगह पर देखने को मिलता है। यहां देश के हर कोने से आए पहलवानों से लड़ने का मौका मिला और बहुत कुछ सीखने को मिला।

वहीं, रोशनी पहलवान जो उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आई थी। उन्होंने कहा कि भागलपुर के गोनूधाम की जनता और कमेटी काफी अच्छी है। मुझे यहां आकर काफी अच्छा लगा। महिलाएं कभी किसी से ना कम थी, न कम है। आगे भी कम नहीं रहेगी। अभिभावक अपनी बच्चियों को घर में बंद न रखें। वह जिस क्षेत्र में जाना चाहे, उसे सपोर्ट जरूर करें।

## अवैध रूप से सड़क निर्माण को लेकर प्राथमिकी: सीतामढ़ी में डायट की प्राचार्या ने अतिक्रमण मुक्त कराने की लगाई गुहार

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) डुमरा की खाली पड़ी जमीन पर अनाधिकृत रूप से कराए जा रहे सड़क निर्माण के खिलाफ डुमरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि दबंगों द्वारा सड़क निमार्ण कराई जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर डायट के प्राचार्या ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर के लिए डुमरा थानाध्यक्ष को आवेदन दिया है।

प्राचार्य कुमारी अर्चना ने थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यमिक शिक्षा प्रशाखा कार्यालय के पीछे डुमरा बीआरसी के बगल में डायट डुमरा के खाली जमीन पर अज्ञात व दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर मिट्टी भरकर पक्कीकरण करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने थानाध्यक्ष से अनाधिकृत रूप से कराए जा रहे कार्य को अविलंब रोक लगाते हुए अज्ञात व्यक्तिओं के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की जमीन पर पहले से ही अंश रकबा पर दबंगों का कब्जा रहा है। गत वर्ष सितंबर-अक्टूबर में फर्जीवाड़ा कर अतिक्रमित जमीन की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया की भनक लगने पर डायट की प्रभारी प्राचार्या कुमारी अर्चना ने विभागीय अधिकारियों के अलावा डीएम,



एसी, डीसीएलआर व सीईओ को मामले की जानकारी देकर डायट की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था।

साथ ही उक्त जमीन के स्वामित्व समेत अभिलेख उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी प्राचार्या के अनुसार डायट की कुल नौ एकड़ 77 डी. जमीन में विभिन्न खेसरा का रकबा करीब छह एकड़ 77 डी. डायट के सामने मेन रोड से दक्षिण तरफ है, जो चाहरदीवारी युक्त नहीं है। वर्तमान में उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर गुमटी दुकान और आवास घर बनाकर अतिक्रमण किया गया है।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर तेजस्वी ने लिए 50-50 लाख, पूर्व डिप्टी सीएम के विधानसभा से गायब रहने पर भड़के मांझी

**गया, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। मांझी ने कहा कि पिछली महागठबंधन की सरकार में तेजस्वी यादव ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर 50-50 लाख रुपए लेकर हजारों करोड़ रुपए कमाए हैं। जीतन राम मांझी ने रविवार की शाम बोधगया में यह बातें कही। पूर्व सीएम ने कहा कि तेजस्वी बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल करने जा रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं होने दिया। हालांकि, तेजस्वी ने हजारों करोड़ रुपए जरूर कमा लिए है। सीएम नीतीश की ओर से ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल नहीं होने देने से साबित होता है कि सरकार में मुख्यमंत्री का ही सबकुछ चलता है, ना कि किसी उपमुख्यमंत्री का। मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव शिक्षक नियुक्ति मामले में जो ऊल-जलूल बातें करके वाह-वाही लूटना चाहते हैं, वह गलत है। उनकी बातों में मूर्ख लोग तो आ सकते हैं, पर जानकार लोग सिर्फ हंसते हैं। क्योंकि, उपमुख्यमंत्री का पद कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। मांझी ने कहा कि बीते 45 साल से मैं विधानसभा में हूं, लेकिन यह पहली बार देख रहा हूं कि बजट सेशन को छोड़ कर बिहार के प्रतिपक्ष का नेता भाग गया हो। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास राजस्व मंत्रालय भी था। क्यों नहीं उन्होंने उन भूमिहीनों को जमीन दिया, जिनके पास एक धुर भी जमीन नहीं है। सरकार के पास लाखों एकड़ जमीन है।



जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट सेशन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। आप देखेंगे कि मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी बदले जाएंगे।

## 5 दिन से लापता किशोर का नहीं मिला सुराग, दोस्त का फोन आने पर घर से निकला था, परिजनों को सता रहा डर

**सीवान, एजेंसी।** सीवान में बीते 5 दिनों से एक किशोर लापता है। पीड़ित परिजन किशोर की हत्या की आशंका जता रहे हैं। लापता किशोर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव का रहने वाला अनवर अली का पुत्र औसर उर्फ विराट(16) है। विराट की मां गुड़िया खातून ने बताया कि बीते गुरुवार को विराट बाजार से मछली खरीदने के लिए गया था। शाम के समय जब मछली लेकर घर आया तो गांव के ही एक अन्य किशोर का फोन आया। विराट ने अपने घर पर अपने दोस्त से मिलकर वापस लौटने का बात कही और घर से निकल गया। काफी रात होने के बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन विराट का कोई पता नहीं चल सका। अगले दिन भी सभी संभावित जगहों पर परिजनों ने ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। तब पीड़ित पिता अनवर अली ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही दो युवकों के ऊपर अपहरण कर लेने का आरोप लगाया है। पिता अनवर अली ने बताया कि उन्हे डर है कि कहीं उनके बेटे की हत्या ना हो जाए। लापता किशोर की मां ने बताया कि पुलिस चाहती तो अब तक उनके बेटा को ढूंढ निकलती, लेकिन पुलिस ने भी अभी तक कुछ खास सहयोग नहीं किया है।इधर हुसैनगंज थाना प्रभारी ने बताया की आवेदन के बाद से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## भागलपुर से हवाई सेवा की शुरुआत को लेकर कवायद तेज, एडीएम ने डीएम को जमीन की रिपोर्ट सौंपी

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में हवाई सेवा की शुरुआत को लेकर फिर से कवायद तेज हो गई है या करवाई पहली दफा नहीं है। जब भागलपुर में इस तरह की पहल हुई हो विमानन मंत्रालय बिहार सरकार की ओर से जिला अधिकारी को जमीन चयन को लेकर पत्र मिलने के बाद जिलाधिकारी ने गोराडीह में गौशाला के 475 एकड़ जमीन की रिपोर्ट बढ़ाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी ऐसे ही हुआ था, लेकिन भागलपुर से हवाई सेवा का एक मुद्दा हर चुनाव में मुद्दा बनाकर ही रह जाता है नेताओं के बयान हवा हवाही रह जाते हैं। अब एक बार फिर से हवाई उड़ान की पहल शुरू हुई है।

इधर, जिला अधिकारी ने टीम गठित कर एडीएम को रिपोर्ट स्वप्न को कहा कि एडीएम ने गोराडीह स्थित गौशाला के 475 एकड़ जमीन चिह्नित कर डीएम को रिपोर्ट सौंपा है। यहां की सिल्क उद्योग को बढ़ावा देने जीआई टैग प्राप्त कतरनी धान जरदलू आम को विदेशों तक पहुंचाने, पर्यटकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी न्यूग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की जरूरत है। पूर्व में एयरपोर्ट हवाई सेवा के लिए प्राप्त नहीं है।यहां करोड़ों खर्च कर सिर्फ काम करवाए जाते हैं पिछले वर्ष भी 12 करोड़ आवंटित की गई, जिसे रनवे बाउंड्री वॉल और लाइटिंग पर खर्च किया जा रहा है। लेकिन सिर्फ हाथी के दांत की तरह है, एयरपोर्ट ग्राउंड गाय, भैंस चढ़ने का जगह बन गया है रनवे बाइकर्स के लिए स्टैंड का जगह बना हुआ है।।

सांसद अजय मंडल ने भी पत्र लिखकर हवाई सेवा शुरू कराए जाने को लेकर पहल किये जाने की बात कही थी। विधायक अजित शर्मा ने कहा कि भागलपुर का सिल्क उद्योग पूरे विश्व में जाना जाता है। उसका व्यापार आगे बढ़े इसके लिए साथ ही उद्योग भी लगेंगे लोगों को रोजगार मिलेगा इसके लिए हवाई सेवा की जरूरत है। मैंने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा था विधानसभा में भी आवाज उठाया है। जमीन बहुत है बस काम करने की जरूरत है। वहीं, सांसद अजय मंडल ने कहा कि प्रयास का फल है कि हवाई अड्डा के लिए प्रोपोजल आया है। उसके हिसाब से काम हो रहा है। हम चाह रहे है कि जब तक नया एयरपोर्ट बनेगा उससे पहले कम सीटर का पुराने एयरपोर्ट से शुरुआत करें।



## ट्रक और पिकअप में टक्कर, 1 की मौत, 9 घायल, शादी समारोह में कार्यक्रम कर लौट रहे थे आर्केस्ट्रा वाल

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में सोमवार की सुबह ट्रक और पिकअप के बीच टक्कर हो गई। हादसे में 1 की मौत और 9 लोग घायल हो गए। इनमें 4 की हालत गंभीर है। सभी आर्केस्ट्रा में काम करते थे। जो शादी समारोह में कार्यक्रम के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी की वाहन के पड़खच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। वाहन के पार्ट्स को इलेक्ट्रिक कटर से काटा गया। लोगों ने घायलों को सीवान के भगवान पुर हाट पीएचसी भर्ती कराया। जहां से सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सहजीतपुर थाना क्षेत्र से पिंडरा गांव की है।

मृतक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के सतुआ गांव निवासी भगवान चौधरी के बेटे हरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों में महारानी निवासी उपेंद्र प्रसाद की पत्नी आरती कुमारी (51), कोलकाता निवासी मुस्कान खान (50), छपरा निवासी कन्हैया मिश्रा के बेटे प्रदीप कुमार (20), कोलकाता निवासी मेराज खान की बेटी मनु खान (21), मधुबनी निवासी ब्रजेश नारायण प्रसाद के बेटे सोनू कुमार (29), छपरा निवासी अंबिका महतो के बेटे मुकेश कुमार (25), नेपाल निवासी मानसीन की बेटी बेबी कुमार (20) शामिल हैं। इनमें प्रदीप, सोनू, मुकेश के अलावा एक अन्य की स्थिति नाजुक है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा में जेसीबी से बरसाए गए फूल



**अररिया।** सोमवार को अररिया-सुपौल एनएच 327ई मार्ग पर भरगामा प्रखंड के खजूरी पंचायत स्थित जेबीसी नहर के समीप लालू यादव और राबड़ी देवी के छोटे बेटे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जन विश्वास यात्रा के दौरान कहा,कि लोगों का अपार प्यार व आशीर्वाद मिल रहा है। जन विश्वास यात्रा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अगर इसी तरीके से जनता का आशीर्वाद व प्यार मिलता रहा तो पूर्णरूपेण पूरी बहुमत के साथ राजद का सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।

**जनविश्वास यात्रा में उमड़ी भीड़-** जनविश्वास यात्रा में उमड़ी लोगों की भारी भीड़ से गदगद तेजस्वी यादव ने लोगों को कहा,कि राजद को मजबूती से आगे बढ़ाइये। और अपने तेजस्वी को मुख्यमंत्री की गद्दी पर बैठाइये। उन्होंने,कहा कि अररिया उनका पुराना क्षेत्र रहा है और रहेगा। यहां के लोगों से उनका अटूट स्नेह है। इस दौरान उन्होंने 3 मार्च को पटना में होने वाली जन विश्वास रैली में आने का निमंत्रण देते हुए लोगों से कहा कि आप सभी जरूर आइयेगा।

**जन विश्वास यात्रा को सुपौल से भरगामा पहुंचने में लग गये करीब पांच घंटे-** तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जन विश्वास यात्रा सुपौल से पिपरा होते हुए त्रिवेणीगंज के रास्ते भरगामा पहुंचा। जहां जेबीसी नहर चौक पर लाखों लोगों सहित पूर्व सांसद सरफराज आलम,जोकीहाट विधायक शहनवाज आलम,नरपतगंज के पूर्व विधायक अनिल यादव,राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव,राजद नेता विजय सिंह यादव,प्रमोद नारयण यादव,टिप्पू यादव,रमेश कुमार भारती,असलम बेग,मो. परवेज आदि ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं कई जगहों पर उनके काफिले पर फुलों की बारिश भी किया गया। इसके उपरांत दर्जनों जगहों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके काफिले पर जेसीबी से भी फूल बरसाए गए।

**तेजस्वी को देखने के लिए छत पर चढ़े लोग-** भरगामा में तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। तेजस्वी की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें देखने के लिए लोग सड़क किनारे के मकान व दुकान की छत पर चढ़ गये। भरगामा में जगह-जगह पर उनके काफिले पर पुष्प वर्षा की जा रही थी। जगह-जगह पर लोग उन्हें संबोधित करने के लिए कह रहे थे,लेकिन वे सभी को पटना में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने का न्योता देकर आगे बढ़ते रहे।

**लोगों से मिल रहे आशीर्वाद व प्यार से बढ़ गयी है हमारी जिम्मेदारी : तेजस्वी**

भरगामा और रानीगंज में लोगों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा,कि लोगों से मिल रहे अपार आशीर्वाद व प्यार से हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गयी है। अब हमलोगों को मिलकर नया बिहार बनाना है। तेजस्वी ने कहा कि हमने वादा किया था कि सरकार में आयेंगे तो दस लाख लोगों को नौकरी देंगे। मुख्यमंत्री तो नहीं बने लेकिन महागठबंधन के 17 महीने के कार्यकाल में पांच लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा,कि आप सभी पटना आइए। बता दें,कि जन विश्वास यात्रा को भरगामा पहुंचने के बाद तेजस्वी यादव अपने नेताओं,कार्यकर्त्ताओं व जनताओं से मिलने के उपरांत अपने काफिलाओं के साथ रानीगंज होते हुए अररिया के रास्ते पूर्णिया के लिए रवाना हो गए।

### मशरक जंक्शन का अमृत भारत स्टेशन योजना में सांसद महाराजगंज ने किया शिलान्यास



**छपरा/सारण।** मशरक जंक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल महाराजगंज भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने योजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विडियो कांफ्रेंसिंग से रेल की योजनाओं का शिलान्यास और पूर्ण हो चुकें योजनाओं का उद्घाटन किया मौके पर भाजपा नेताओं समेत रेल के अधिकारी मौजूद रहे। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का रेल के अधिकारियों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोग लोकसभा क्षेत्र के अधिकतर छोटे बड़े सभी नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पप्पू सिंह सिग्रीवाल, सुनील सिंह, राकेश कुमार महंत, विरबल प्रसाद उपस्थित थे।

### मशरक में सड़क दुघर्टना में दो युवकों की मौत, एक घायल



**छपरा।** मशरक थाना क्षेत्र के सियरभुक्का गांव में अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए जहां से तीनों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया है जहां इलाज में दो युवकों की मौत हो गई। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी धर्मनाथ मांझी का 23 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार एवं शिवजी मांझी का 22 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार और घायल धर्मेंद्र मांझी का 20 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार हैं। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार तीनों युवक बहरौली से मशरक की तरफ आ रहें थें उसी दौरान सियरभुक्का गांव में अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल तीनों को ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस गश्ती दल ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

### जमीनी विवाद में चार पर मुकदमा दर्ज

**बेतिया।** मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के बौध बारवा गांव में जमीनी विवाद में एफआईआर दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि अमर साह के आवेदन पर महेश साह,मोहन साह समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अकीदत के साथ मनाया गया शबे बारात

**बेतिया।** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र में शब-ए-बारात का त्यौहार बड़े अकीदत के साथ मनाया गया।इस दौरान जगह जगह शब-ए-बारात के मौके पर कब्रिस्तानों पर रोशनी की गई जहां पर शब की आखिरी पहर में पहुंच कर मुस्लिमों ने कब्रिस्तान में दफ्न अपने पूर्वजों के बख्शिस की दुआ मांगी।शब ए बारात मुसलमानों का एक खास त्यौहार है।इस रात में मुसलमान जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं।इन्हीं रातों में नफिल नमाज ए पढ़ना,अपने पूर्वजों के लिए दुआ ए मगफिरत करना और कुरान की तिलावत करना अहम माना जाता है।घरों की महिलाओं द्वारा अच्छे-अच्छे पकवान भी बनाए जाते हैं।वही इधर मुफ्ती सिराजुद्दीन कासमी ने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से शब- ए- बारात अरबी के आठवें महीने यानी शाबान के 15 वीं तारीख को मनाया जाता है।शाबान महीने के बाद रमजान का महीना शुरु होता है।रमजान महीना मुसलमानों में सबसे पवित्र महीना माना जाता है।शब का मतलब रात और -बरात का मतलब माफी होता है।

### मानपुर पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रखंड क्षेत्र के मानपुर थाना अंतर्गत सोमवार को तीन इश्तेयार वारंटी अभियुक्त को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मानपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया की तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया है । दुर्गा यादव उम्र (55) वर्ष दूसरा अभियुक्त गगन शाह उम्र (27 )वर्ष पिता स्व० राजेश शाह और तीसरा अभियुक्त हीरा शाह उम्र ( 46 वर्ष)तीनों थाना मानपुर निवासी के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत किया था । जिसके आलोक में कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर नयायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

# तरैया में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







चाणक्य भूमि। छपरा

राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतगर्त प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को तरैया प्रखण्ड के नंदनपुर बाजार के खेल मैदान में नेहरू युवा केंद्र सारण के तत्वधान में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक राजु विवेक साह के नेतृत्व में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मां सरस्वती ट्यूटोरियल के निर्देशक यशवन्त कुमार सिंह ने की जिसमें शिक्षक दिलीप कुमार गुप्ता, समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह, डॉक्टर दिलीप कुमार एवम मां भारती युवा मंडल, मिशन ऑफ लाईफ यूथ क्लब नन्दनपुर, जीसीसी यूथ क्लब गवन्द्री के सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत खेल मैदान में लगभग 150 की संख्या मे आए हुए युवाओं ने मतदाता शपथ के साथ किया।प्रखण्ड स्तरीय खेल-कुद प्रतियोगिता में कबड्डी (पु) मे जीसीसी की टीम विजेता और मां भारती युथ क्लब की टीम उपविजेता रही। वही महिला वर्ग मे टीम अनुपा विजेता और टीम करिश्मा उप विजेता रही, वॉलीबॉल में टीम भारत विजेता एवम टीम विपुल उपविजेता रहा, रसा- कस्सी एवं 200 मीटर दौड़ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में आए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय और विजेता टीम को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में एमएस ट्यूटोरियल के सभी शिक्षक, आकाश कुमार, राजेश कुमार, भारत कुमार, महेश, मनीष, विपुल, मिठाई लाल, राकेश कुमार, मुकेश साह, बबलू आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## मुस्लिमों का पर्व शबेबरात बेतिया में धूमधाम से शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न



चाणक्य भूमि। बेतिया

पश्चिमी चंपारण बेतिया में बड़े ही धूमधाम से शबेबरात का धार्मिक पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षउल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया,जहां जिले के सभी मस्जिदों को बड़े आकर्षक ढंग से झंडियों और बिजली बतिया से नौजवानों के माध्यम से सजाया गया। बड़ी मस्जिद, जंगी मस्जिद,छोटी मस्जिद, कालीबाग मस्जिद,हॉस्पिटल रोड मस्जिद,छोटी कब्रिस्तान,बड़ी कब्रस्तान, महावत टोली मस्जिद,उज्जैन टोला मस्जिद,किशुनबाग मस्जिद सहित अन्य मस्जिदो, मदरसों,मकतबो,खानकाहों, कब्रिस्तानो के साथ साथ सभी मुस्लिम मोहल्लों को बड़े खूबसूरत अंदाज से झंडियों एवं प्रकाश से मुहल्लो को सजाया गया था,सभी जगह पर बड़ी उत्साह से मुस्लिम पुरुष,महिला, और बच्चों ने शबेबरात पर्व को मनाया,जहां रात भर जागकर लोगों ने अल्लाहपाक की इबादत की,अपने लिए , अपने स्वर्गवास हुए परिवार जनों के लिएअल्लाहपाक से दुआएं मांगी,अपने पूर्व में किए गए गलत कार्यों के लिए माफी मांगी,तौबा की,साथ ही अपने देश के विकास,एकता, सद्भावना के लिए दुआ की,इस दुनिया से चले गए लोगो के लिए दुआ की,वही दूसरी ओर हॉस्पिटल रोड अल मोमिनिन फाउंडेशन द्वारा नमाजियों और राहगीरों के लिए चाय और शरबत की व्यवस्था की गई थी इस तरह की व्यवस्था प्राय सभी मस्जिदों के दरवाजों पर नमाजियों,राहगीरों के लिए चाय,शरबत का इंतजाम किया गया था। इस तरह के दिलकश नजारे को देखकर पर्व की याद ताजा हो गई। मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों ने प्रातःकाल में अपने-अपने परिवारजनों के लिए कब्रिस्तान में जाकर दुआ मांगी।इस तरह से यह पर्व शबे बरात बड़ी हर्षउल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## डीएम ने किया सिसवनिया पंचायत के पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण



चाणक्य भूमि। बेतिया

लौरिया सिसवनिया मे बने पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण करने डीएम दिनेश कुमार राय पहुंचे। निरीक्षण करने के बाद सम्बंधित अधिकारियो को सख्त निर्देश दिए। बतादे कि सिसवनिया पंचायत मे नौ साल पहले पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया गया था। परंतु उस भवन का उपयोग नहीं होने से वर्तमान में खंडहर में तब्दील हो गया। जंगल झाड़ी उग गये है। भवन के चौखट खिड़की असमाजिक तत्वों ने उखाड़ दिया है। वहीं निरीक्षण के बाद डीएम दिनेश कुमार राय ने सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को ससमय कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही आम जनता को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखें। बतादे कि पंचायत के मुखिया कन्हैया कुशवाहा ने सिसवनिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन के संबंध में जिला पदाधिकारी व ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार से की थी शिकायत। वहीं डीएम दिनेश कुमार राय ने विसुनपुरवा पोखरे की सौंदर्यीकरण हेतु भी आवश्यक जानकारी ली। मौके पर वरीय उपसमाहर्ता सह बीडीओ एस प्रतीक पंचायत के अन्य कर्मचारी जनप्रतिनिधि व आमजनता उपस्थित रहे

# बैंक ऋण नहीं चुकाने पर वारंटी को जेल

चाणक्य भूमि। बेतिया



नवलपुर स्थानीय थाना द्वारा शनिवार को बैंक ऋण नहीं चुकाने पर एक आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने उतर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा नवलपुर द्वारा ऋण लिया था और बैंक द्वारा कई बार नोटिस देने के बाद भी उसकी रिकवरी नहीं हो रही थी,इस पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के द्वारा सर्टिफिकेट केस जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के यहां किया गया था।उसके बाद वहां से वारंट जारी होने के बाद नवलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के सिसवा बैरागी गांव निवासी रामेश्वर साह हैं,जिसे पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले आई।वही इस संबंध में थानाअध्यक्ष अनुपम कुमार राय ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया न्यायालय भेजा गया।इधर,उतर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि उत्तर बिहार ग्रामीण शाखा के कई ऐसे खाताधारक हैं,जो बैंक का ऋण नहीं चुका रहे हैं।बैंक द्वारा उनको बार-बार लिखित नोटिस दी जा रही है।ताकि पैसे की रिकवरी की जा सकें,लेकिन वह बैंक में पैसा नहीं जमा कर रहे हैं व न ही लोक अदालत में समझौता कर रहे हैं।ऐसे चिन्हित 170 लोगों पर सर्टिफिकेट केस किया गया है। शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि शाखा में जाकर यथाशीघ्र अपने ऋण का समायोजन कर लेअन्यथा उनपर कड़ी क़ानूनी कार्रवाई करने हेतु प्रशासन सह बैंक कटिबद्ध है।

# उप समाहर्ता ने विदाई समारोह में निष्पक्ष कार्य करने का किया आह्वान

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया



सरकारी नौकरी में नौकरशाह का एक जगह से दूसरे जगहों पर स्थानांतरण स्वाभाविक प्रक्रिया है। मैंने आपके बीच प्रशिक्षण में कैसे करीब छः माह बिता दिया , इसका पता ही नहीं चला। उक्त बातें सोमवार को कोपरेटिव बैंक परिसर में आयोजित अपने विदाई समारोह में वरीय उप समाहर्ता एस प्रतीक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मैंने लौरिया प्रखंड और अंचल कार्यालय में अपने कार्यों से पहुंचे लोगों का नियमानुसार कार्य किया। कार्यलयकर्मियों से जनता का कार्य ससमय कराया और उनकी सेवा सरकारी अधिकार के तहत कराने की पुरी चेष्टा की। वरीय उप समाहर्ता ने सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने प्रशिक्षण स्थल लौरिया को अपने जेहन में लेकर जा रहा हूं। लौरिया के लोग अच्छे हैं और यह ऐतिहासिक स्थल है। इधर अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी ने कहा कि श्री प्रतीक अपने कार्यकाल में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। ये अपने प्रशिक्षण काल में पूरे लौरिया प्रखंड के बीडीओ और सीओ बनकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। किसी व्यक्ति विशेष से बिना प्रभावित हुए सारे कार्यों को ईमानदरीपूर्वक कार्य किया। इसे लौरिया की जनता इन्हें हमेशा याद रखेगी। इसके बाद वरीय उप समाहर्ता एस प्रतीक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें मोमेंटो आदि देकर विदाई किया गया। मौके पर प्रमुख शंभू तिवारी के साथ,मुखिया मो जावेद, संजय पाठक, मो सुलेमान, मो जहीर अंसारी, विनोद शर्मा, अनिल कुमार,बीरेंद्र उपाध्याय, मैंमुल्लाह अंसारी, मलखान सिंह, मनोहर तिवारी, हरिकेशवर शर्मा, डॉ दिलीप कुमार, हरेंद्र राय सहित कई जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी व्यक्ति शामिल रहे।

**डेढ़ करोड के लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र बन कर है तैयार**

## कटैया मे निर्माणाधीन अस्पताल के लोकार्पण हेतु विभागीय कवायद हुई तेज

चाणक्य भूमि। बेतिया



लौरिया प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत के सहादतपुर में डेढ करोड के लागत से बने अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का सोमवार को सिवील सर्जन श्रीकान्त दुबे ने निरीक्षण किया। इस मौके पर लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डा दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे। श्री दुबे के वहां पहुंचने की खबर पर वहां दर्जनों ग्रामीण भी इस स्वासथ केन्द्र का शीध्र उदघाटन करने की मांग करने लगे। इस मौके पर लोगों ने सी एस से इस अस्पताल को जल्द से जल्द चालु कराने की मांग की। सिविल सर्जन ने भी बताया कि शीघ्र ही इस अस्पताल के लिये भी चिकीत्सक व अन्य कर्मी आ जायेंगे। और यह अस्पताल भी चलने लगेगा। बतादे कि डेढ करोड के लागत से बन कर तैयार है ।

अस्पताल चालु हो जाने से अगल बगल के गांवो सहीत नवलपुर थाना क्षेत्र के लोगों की परेशानी खत्म हो जायेगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विनोद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मैनाटांड में नए सीओ ने किया योगदान



चाणक्य भूमि। बेतिया

मैनाटांड अंचल कार्यालय में नए सीओ आशीष आनंद ने अपना कमान संभाल ली। इस दौरान नए सीओ ने अंचल कर्मियों से पात्र परिचय कर एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में सीओ श्री आनंद ने अंचल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पब्लिक की ज्यादा से ज्यादा सहूलिया देना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर निवर्तमान सीओ राजीव रंजन,अंचल नाजिर लाल बाबू ,अमीन लक्ष्मण भारती,पवन कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर हृदयानंद प्रजापति,राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार,रवि कुमार,दीपू कुमार आदि मौजूद रहें।

# प्रखंड स्तरीय भाजपा की हुई बैठक, कार्यकर्ता को मिले बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का निर्देश

चाणक्य भूमि। छपरा



माँझी के स्थानीय शिव कुमारी सिंह आई टी आई परिसर में भाजपा माँझी मध्य मंडल एवं पूर्वी मंडल की संयुक्त कार्य समिति की एक बैठक आयोजित गई। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने कहा कि दोनों मंडल के कार्यकर्ता आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए माँझी विधानसभा प्रभारी बीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है, क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता। इसी लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। हम सभी को गर्व है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर देश का मान सम्मान देश विदेश में बढ़ा है। इसी दौरान भाजपा नेता हेमनारायण सिंह ने कहा कि चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर कार्य करना पड़ेगा। भाजपा नेता शिवाजी सिंह ने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के विस्तारक मिशि सिंह, प्यारे अंगद, त्रिलोकीनाथ सिंह, शम्भूनाथ सि मनोज प्रसाद, अमरनाथ तिवारी तथा निशांत राज सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता बबलू शर्मा ने किया।

## ▪ अबकी बार, भाजपा चार सौ के पार:राजन तिवारी

# सम्मानित किये गये गोविंदगंज के पूर्व विद्यायक राजन तिवारी

### महायज्ञ समिति ने सामूहिक विवाह में उत्कृष्ट सहयोग के लिये किया सम्मानित



चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया

प्रखंड के पूर्वी सरेया पंचायत में प्रस्तावित श्री विष्णु महायज्ञ के लिये 15 मार्च को कलश यात्रा और 22 मार्च को सामूहिक विवाहोत्सव के लिये तैयारी पुरजोर है।इसके लिये देवी देवताओं की प्रतिमा का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।मथुरा से आये मूर्तिकार की टीम निर्माण कार्य मे जुट गये है।नित्य नये यजमान जुट रहे है।निमंत्रण का दौर जारी है।सोमबार के दिन गोविंदगंज के पूर्व विद्यायक राजन तिवारी को अध्यक्ष चंद्र भूषण पांडेय ने फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें निमंत्रित किया।पूर्व विधायक श्री तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि यह आध्यात्मिक उत्सव है। विवाह एक सामाजिक कार्य है। सभी सनातनियो को इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये।उन्होंने कमेटी के सदस्यों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सिपाही है।चुनाव लड़ना चाहते है। पार्टी टिकट देती है तो अवश्य चुनाव लड़ूंगा। यह तय है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोस चुनाव में चार सौ के पार जायेगी।अबकी चुनाव में मोदी जी का फंडा सबका साथ,सबका। विकास,सबका विश्वासऔर सबका प्रयास काम आयेगा।अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण,जम्मू -कश्मीर से धारा 370 हटाना यह सब मोदी जी की देन है।सशक्त भारत के निर्माण के लिये एक बार फिर मोदी जी का पीएम बनना तय है।उन्होंने क्षेत्रवासियों से भाजपा के पक्ष में गोलबंद होने का आहवान किया।इस अवसर पर महायज्ञ सह विवाह समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रत्तिनिधि चंद्र भूषण पांडेय,पूर्वी सरेया पंचायत के पूर्व बीडीसी मेंबर भूपेंद्र मिश्रा,कमिटी के उपाध्यक्ष रविकांत प्रसाद,मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के ऑफिसर टाइम ऑफिस सत्येन्द्र श्रीवास्तव,पत्रकार संतोष कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# काली बाग मंदिर परिसर मे सामूहिक विवाह हुआ सम्पन्न



चाणक्य भूमि। बेतिया

रविवार की रात्रि मां काली धाम विवाह सेवा समिति के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ । आपको बात दें की मां काली धाम विवाह सेवा समिति के द्वारा 2005 से प्रत्येक साल सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है । अभी तक लगभग तीन सौ से ज्यादा लड़कियों का विवाह इस समिति के सौजन्य से कराया गया है। इस विवाह समारोह की व्यवस्था ऐसी होती है जैसे की यह कोई निजी शादी हो। इस विवाह को पूर्ण रीति रिवाज के साथ किया जाता है । बारात पूरे गाजे बाजे के साथ काली बाग मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुये वापस विवाह स्थल पर पहुँची और जिसके बाद बरमाला के कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी रीति रिवाज होने के बाद देर रात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के समक्ष फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंध गए। इस मौके पर बाराती के साथ साथ नगर के हजारों लोगों के साथ साथ नगर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन समिति की तरफ से सभी लोगों के भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी । लोगों ने इस भव्य आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# सहोदरा में मिला युवती का क्षत विक्षत शव



चाणक्य भूमि।

सहोदरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर मे एक युवती का शव पुलिस ने गन्ने के खेत से क्षत-विक्षत अवस्था में मिला जिसे सूचना पर पहुँची पुलिस ने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जब एक कृषक नीरज द्वारा अपने खेत मे गन्ना कटवा रहे थे तभी उन्हे खेत के अंदर एक लाश नजर आयी । जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बेतिया भेज दिया है । युवती का आधा शरीर जानवर खा गए थे । उसने लाल रंग की गंजी और ब्लू रंग की जींस पहनी हुई है।

# पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहुअरवा के रेलवे गुमटी 178 पर आरओबी का किया शिलान्यास






चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया

सोमवार के दिन प्रखंड क्षेत्र के बहुअरवा पंचायत स्थित फाटक नंबर 178 पर ओवरब्रिज का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया ।इस दौरान रेलवे विभाग द्वारा कई संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया ।भाजपा के युवा नेता राहुल कुमार ने बच्चो को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक रेणु देवी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र भाई मोदी सबका साथ सबका विकास के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बहुअरवा रेलवे फाटक नंबर 178 ओवर ब्रिज अंडरपास का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया है।यह ओवर ब्रिज अंडरपास 50 करोड़ 90 लाख की लागत से दो वर्षों में बनकर तैयार हो जायेगा । यह आरओबी सुगौली व मझौलिया को जोड़ने वाली एक मुख्य मार्ग होगी । जिसके तहत 8 से 9 लाख लोगों को आने-जाने का सहूलियत होगा ।कुल मिलाकर यह ओवर ब्रिज अंडरपास बन जाने से आमजनों में खुशी की लहर है। इस मौके पर समस्तीपुर रेलवे के अरुण कुमार मंडल सहायक कार्मिक अधिकारी सह नोडल अधिकारी,राजेश कुमार सी ओ एस, नीलमणि तिवारी एस एस, मंजय कुमार आई ओ डब्लू , रोशन कुमार एस एस ई सगौली का उल्लेखनीय योगदान रहा ।इस अवसर पर अंचलाधिकारी राजीव रंजन विधायक प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव ,सुशील जायसवाल,भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक यादव कमेशवर सिंह,भिखारी सिंह, रामेश्वर प्रसाद देवी सहनी, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन मार्च को ऐतिहासिक होगी जन विश्वास महारैली: माले




चाणक्य भूमि। बेतिया

3 मार्च को पटना में होने वाली जन विश्वास महारैली की तैयारी को लेकर भाकपा माले के तरफ से जन संवाद यात्रा निकाल गांव-गांव,चौक चौराहा पर नुक्कड़ सभा कर पटना चलने का आह्वान किया गया। नौतन, बनकटवा, जगदीशपुर आदि जगहों पर नुक्कड़ सभा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव ने भाजपा चुनावी बॉड़ के जरिए करोड़ों करोड़ रुपए लेकर देश भर की संपत्ति अपने मित्रों अंबानी अड़ानी कोऔने-पौने दामों में बेच रही है। रोजगार का सवाल ग़ायब कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने में लगी है। उन्होंने कहा मोदी सरकार किसान और मजदूर आन्दोलन पर क्रूरतापूर्वक दमन और हत्या कर रही है घोर निंदनीय है। भाजपा विपक्ष मुक्त सरकार और जन विहीन सड़क चाहती है जो बिल्कुल लोकतंत्र विरोधी हैं और जनता पर तानाशाह शासन थोप रही है, विपक्षी दलों के नेताओं को इडी, सीबीआई,जेल और यातना के जरिए खत्म कर रही है जो न्यायिक संहार है । माले नेता और मुखिया नवीन कुमार ने कहा बिहार के भोजपुर जिले के भाकपा-माले के लोकप्रिय विधायक मनोज मंजिल सहित 23 पार्टी कार्यकर्ताओं को एक झूठे मुकदमे फंसा कर आजीवन कारावास की साजा करवा दिया गया है वहीं दूसरी तरफ गरीबों दलितों के जनसंहार करने वाले हत्यारे सामंती लोगो छूटा घुम रहा है भाजपा नफरत, झूठ, लूट, और बर्बरता के एजेंडे के साथ देश और बिहार को तबाह करने पर अमादा है भाजपा के तानाशाही के खिलाफ भाकपा-माले ने 21- से-27 फरवरी तक बिहार की जनता लड़ेगी - तानाशाही हारेगी, जनसंवाद अभियान चला हजारों की संख्या मे 3 मार्च को जन विश्वास महारैली पटना में शामिल होने का आह्वान किया। माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि गरीबों को पांच पांच डिसमिल जमीन देने की घोषणा किया था अब उसे भाजपा के दबाव में नही दिया जा रहा है। बिहार की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

# चुनावी मौसम में लोकसभा की जनता को मिला दो ओवरब्रिज

### ▪ चुनावी सालो में जनता को अक्सर लोक लुभावने वादों की झरि लग जाती है इसी क्रम में बेतिया लोकसभा क्षेत्र की जनता को दो ओवरब्रिज की सौगात मिली है



चाणक्य भूमि बेतिया। मझौलिया प्रखंड के बहुअरवा फाटक और बेतिया सरिसवा मुख मार्ग स्थित बारीटोला में बनने वाले ओवरब्रिज का वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक रेणु देवी और चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ काम करते हैं। इसी कड़ी में विकास योजनाओं को अमली जामा पहनाने रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बहुअरवा रेलवे फाटक संख्या- 178 और बारीटोला ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास किया है। उन्होंने बताया कि इस दोनों ओवर ब्रिज अंडरपास का 180 करोड़ की लागत से निर्माण होगा। यह दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि बहुअरवा ओवरब्रिज सुगौली व मझौलिया को जोड़ने वाली एक मुख्य मार्ग होगी। जिसके तहत 8 से 9 लाख लोगों को आने-जाने का सहूलियत होगी। वहीं बारीटोला ओवरब्रिज बेतिया सरिसवा मुख्य मार्ग को जोड़ेगा। इस ओवरब्रिज से करीब 15 लाख लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। ओवरब्रिज के निर्माण से लोगों में खुश है । इस दौरान रेलवे विभाग की ओर से सांस्कृति कार्यक्रम व वाद संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया। मौके पर समस्तीपुर रेलवे के अरुण कुमार मंडल सहायक कार्मिक अधिकारी व नोडल अधिकारी,राजेश कुमार, सीओएस नीलमणि तिवारी, एसएस मंजय कुमार आईओडब्लू रोशन कुमार विधायक प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव ,शुशील जयसवाल,भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक यादव, राहुल कुमार,कमेशवर सिंह,भिखारी सिंह,बहुअरवा मुखिया देवी सहनी, सिकेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714